शिक्षा का अधिकार विषय पर सेमीनार का आयोजन

अजमेर। राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास द्वारा संचालित सागर कॉलेज मे डी.एड व बी. एड विशेष शिक्षा मे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा का अधिकार विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया।

सेमीनार का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक अनुराग सक्सेना, अति. निदेशक तरूण शर्मा, एवं डॉ. भगवान सहाय शर्मा, उपनिदेशक (एच.आर. डी) आदि द्वारा दीप प्रज्जवलन करके किया गया। अतिथियों का स्वागत विशेष शिक्षा मे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा बुके देकर किया गया अनुराग सक्सेना द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों को इस सेमिनार के माध्यम से सम्बन्धित विषय के बारे मे गहराई से जानने का अवसर मिलेगा, सेमिनार क्यों जरूरी है व इससे विषय के बारे मे जानकारी अपडेट होगी साथ ही सभी विद्यार्थियों को अनुशासन एवं विनम्रता के साथ शिक्षा ठाहण करने व पूर्ण परिश्रम द्वारा अपना लक्ष्य प्रदान करने की शुभकामनायें प्रदान की गई।

पथ संचलन में मिलाए कदम से कदम

मसूदा (निसं.)। रविवार को ग्राम पंचायत नन्दवाड़ा में राष्ट्रीय सेवक संघ खंड मसूद की ओर से द्विवेणी पथ संचलन को कदम ताल मिलाते हुए निकाला गया। इस संचालन में नन्हे मुन्ने सहित अनेक जनों ने भाग लेकर देश के प्रति राष्ट्र भावना जगाई। संघ के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ठीक 12 बजे देव मंदिर परिसर से रवाना होकर अपने निर्धारित मार्ग से गुजरा हुआ देव मंदिर पहुंचा जहां कदम से कदम मिलते हुए ऐतिहासिक समागम हुआ। समागम के पश्चात आगे बढ़ता हुआ पथ संचलन होते हुए परिसर में जाकर बौद्धिक और शारीरिक कार्यक्रम में विसर्जित हुआ इस पद संचलन में प्रणव, आणक, शंख, मजीरे, झांझ आदि के विभिन्न बांधों का प्रयोग करते हुए स्वयंसेवक संघ की विभिन्न घोष रचना बजाई जा रही थी। पथ संचलन में संघ के अनेक पदाधिकारी जनप्रतिनिधि वह स्वयंसेवक अनुशासन में कम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय की एकता और अखंडता को यथावत बनाए रखने में समर्पण की भावना के साथ हर पल पर रहने का संकल्प दोहराते हुए

सरवाड़ शहर में पंथ संचलन निकलता हुआ।

चल रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ब्यावर जिला प्रचारक नरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं का संबोधित करते हुए कहा कि संघ को 99 वर्ष पूर्ण हो गए हैं अब संघ के प्रत्येक स्वयंसेवक को पांच बिंदुओं पर काम करना है सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और स्व है देश धर्म की रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों द्वारा दिए गए बलिदान को स्मरण करते हुए हमको देश व समाज के लिए कार्य करना होगा। **जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा :** सरवाड़ शहर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की और से तहसील स्तरीय पंथ संचलन निकाला गया वहीं खंड चालक राजेन्द्र हेड़ा ने बताया कि यह पथ संचलन शहर स्थित पथवारी माता मंदिर से प्रार्थना के बाद पंथ संचलन प्रारंभ हुआ जो सीनियर स्कूल डाक बंगला अंबेडकर सर्किल समेलिया रोड अजमेर रोड चमन

- **देश के प्रति राष्ट्रीय भावना जताई, विभिन्न संगठनों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत**

चौराहा से होते हुए बस स्टैंड बाबा रामदेव मंदिर विजयद्वार होते हुए कन्या स्कूल रामायण मंगल भवन आर्य समाज भवन सत्यनारायण मंदिर गोपीनाथ मंदिर से होते हुए अन्नपूर्णा मंदिर से सांपला गेट होते हुए शीतला माता मंदिर से सदर बाजार होते हुए गांधी चौक पहुंचा जहां पर संचलन का समापन किया गया वहीं जगह-जगह लोगों ने पंथ संचलन पर पुष्प वर्षा की वहीं यहां संघ के विभाग कार्यवाह हेमराज ने संघ के बारे में जानकारी दी वहीं संचलन में भारत माता व संघ के संस्थापक हेडगेवार व गोलवलकर की झांकी पंथ संचलन में शामिल रही वहीं सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सरवाड़ थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद चौधरी पुलिसकर्मी के साथ मुस्तैद नजर आऐ।

सार-समाचार

सन्त कंवरराम साहिब जी का वार्षिकोत्सव मंगलवार से

अजमेर । अमर शहीद सन्त कँवरराम साहिब जी का 84 वाँ तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव आशा गंज स्थित सन्त कँवरराम विद्यालय परिसर में मंगलवार 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। सन्त कँवरराम मण्डल के अध्यक्ष भगत नरेन शाहनी ने बताया कि वार्षिक महोत्सव का आरम्भ 22 अक्टूबर मंगलवार सायं 7:30 बजे सन्त कंवरराम स्कूल आशा गंज में निर्मल धाम के स्वामी आत्मदास जी द्वारा झंडारोहण कर किया जायेगा। 24 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे सन्त कँवरराम धर्मशाला, पड़ाव में आम भण्डारे का आयोजन भी किया गया है। नानक गजवानी ने बताया कि वार्षिकोत्सव का समापन 25 अक्टूबर सुबह सवेरे 7 बजे पल्लव पहनकर किया जायेगा।तीनो दिन 22,23 व 24 अक्टूबर की रात्रि को सन्त कँवरराम विद्यालय, आशा गंज मेंहाथ प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।

शैक्षिक सम्मेलन 25 व 26 को

मसूदा (निसं.)। राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन जिला मुख्यालय पर अंबेडकर भवन पानी की टंकी के पास 25 व 26 अक्टूबर को ब्यावर विधायक शंकर सिंह जी रावत के मुख्य आतिथ्य में होगा। मसूदा ब्लॉक अध्यक्ष रमेश खोरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मसूदा विधायक विरेन्द्र सिंह जी कानावत, विशिष्ट अतिथि ब्यावर नगर परिषद के सभापति नरेश कनौजिया व जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अजय कुमार गुप्ता होंगे। सम्मेलन को लेकर जिला मुख्यालय पर सारी तैयारियां हो गई है। खोरवाल ने बताया कि सम्मेलन में शिक्षा और शिक्षक के साथ वर्तमान परिस्थितियों में आने वाली समस्याओं पर विचार मंथन करने के साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो इस पर भी विचार होगा। उन्होंने आगे बताया कि सम्मेलन में भाग लेने के लिए मसूदा ब्लाक से पचास शिक्षक 25 अक्टूबर को प्रात नौ बजे बस द्वारा ब्यावर के लिए रवाना होंगे।

विद्युत व्यवस्था रहेगी बाधित

ब्यावर (निसं) विद्युत लाइनों की आवश्यक रख रखाव व मरम्मत के चलते सोमवार को 33/11 केवीए गोविंदपुरा जीएसएसए से जुड़े 11 केवी हाउसिंग बोर्ड फीडर की विद्युत व्यवस्था सुबह 9 से दोपहर 3:00 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान हाउसिंग बोर्ड सेक्टर नंबर 1,2,3,4, बीएम शर्मा नगर, गणेशपुरा पानी की टंकी, तगारी फैक्ट्री, चौधरी कॉलोनी, गजानंद कॉलोनी ,गणपति नगर ,जय अंबे कॉलोनी क्षेत्र सहित अन्य इलाकों की बिजली बंद रहेगी।इसी प्रकार प्रात: 09 से 03 बजे तक 11 केवी पाली बाजार फीडर मे विद्युत तंत्र के अति आवश्यक सुधार कार्य होने के कारण विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जिसके अंतर्गत प्रभावित क्षेत्र - भगत चौराहा- नगर परिषद- नगर परिषद मार्ग- चांदमल मोदी हॉस्पिटल- विक्रांत होटल- चुन पचान मोहल्ला- पटेल स्कूल -चंपा नगर- डिगी मोहल्ला- नरसिंह गली- कुमावत साइकिल चौराहा- अठासेन बाजार -जगन्नाथ चौराहा - जामा मस्जिद -पंडित मार्केट चौराहा- सरावगी मोहल्ला -मंसूरी प्लाजा- तहसील परिसर- गोपाल जी मोहल्ला -आदि संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

छावनी क्षेत्र में दिनों दिन बढ़ रहें अपराध

ब्यावर (निसं)। छावनी क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से फिर आपराधिक गतिविधियां बढ़ने लगी है। गौरतलब है की शनिवार को छावनी निवासी पंकज भाटी अपनी माता को ले कर बाज़ार की और जा रहा था। उसी दौरान छावनी पुलिया से गुज़र रहा था वहां सांसी बस्ती निवासी कुछ अज्ञात बदमाशो ने पुलिया की लाईट फोड डाली जिससे उधर से गुजर रहे पंकज पर पत्थर व लाईट के कांच गाडी व उसके हाथ पर जा गिरे।कांच और पत्थर से पंकज चोटिल हुआ। उसमे से एक बदमाश को पकडकर जब वह पुलिया से बाहर ले जाने लगा तो काफी संख्या में बस्ती निवासियों ने पंकज पर धारधार हथियार चाक़ू व कुल्हाडी व से जानलेवा हमला करने की कोशिश की। हंगामा और शोर शराबा सुनकर स्थानीय दुकानदारों व निवासियों ने घटना स्थल पहुंचकर पीडित को बड़ी मुश्किल से बचाया। पीडित की गाडी को सांसी बस्ती निवासी उठाकर सांसी बस्ती के अन्दर ले गए और काफी हद तक क्षितठास्त कर दी। घटना की सुचना मिलने पर पुलिस जाब्ता सांसी बस्ती के अन्दर तक गया तो वहां से क्षितठास्त गाडी को बरामद कर पंकज को सुपुर्द की। पुरे घटनाक्रम के बाद क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से आमजन की सुरक्षा की मांग की है।

संग्रहालय का उद्घघाटन

ब्यावर (निसं) सूचना का अधिकार संठाहालय का उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश मदन बी . लोकुर, उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एस. मुरलीधर तथा ऑनलाइन माध्यम से इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर ने किया शिलान्यास।

'सनातन धर्म की सच्ची मूर्ति थे महन्त मनोहरदास'

अजमेर । महन्त बाबा मनोहरदास जी ने अपने जीवनकाल में भक्तों में परमात्मा को पाने का सरल रास्ता मानवता की सेवा व सनातन धर्म की पालना की ओर प्रेरित करते थे उन्होनें सदैव जरूरतमन्द परिवारों व प्राणियों के सहयोग की ओर अठासर किया ऐसे आर्शीवचन अजय नगर स्थित ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम में आयोजित महन्त मनोहरदास के 90वें प्राकट्यय महोत्सव के समापन अवसर पर भीलवाडा से पधारे महामण्डलेश्वर हंसराम उदासीन ने प्रकट किये। उन्होने कहा कि स्वामी मनोहरदास सरल स्वभाव के संत थे जिन्होने सभी जोडा। समारोह में आये सन्त महात्माओं के आर्शीवचन हुये जिनमें आश्रम के महन्त स्वरूपदास, भीलवाडा के महन्त गणेशदास, किशनगढ के महन्त श्यामदास, राजकोट के स्वामी अमरलाल, अजमेर के स्वामी ईसरदास, स्वामी अर्जुनराम, स्वामी आत्मदास, संत गौतम, प्रेम प्रकाश आश्रम के दादा नारायणदास, भाई भीषम ने कहा कि स्वाामी मनोहरदास ने सदेव सादगी के साथ सनातन धर्म की सेवा की एवं देशभर मं श्रृद्धालुओं को सेवा कार्य के

- **महन्त बाबा मनोहरदास के 90वें प्राकट्यय महोत्सव पर हुये धार्मिक कार्यक्रम**

लिये प्ररित किया। खैरथल से आये दीप लखवाणी, अजमेर के अशोक सोनी, ढोलण शर्मा ने दो दिनों में अलग अलग कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

छप्पन भोग व महाआरती : प्राकट्यय महोत्सव में श्रृद्धालुओं द्वारा तैयार किये गये छप्पन भोग तैयार कर प्रसाद वितरित किया व महाआरती संत महात्माओ द्वारा की गई। धर्म ध्वजा पूजन के साथ पल्लव प्रार्थना से समापन किया। समारोह में अजमेर के अलावा जयपुर, जोधपुर, कोटा, रतलाम, वीसनगर, भोपाल, अहमदाबाद, भीलवाडा सहित अन्य शहरों से श्रृद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम में आश्रम के सेवाधारी रमेश कल्याणी, लखमीचन्द किशनाणी, शंकर सबनाणी, लक्षमणदास दौलताणी, प्रकाश मूलचंदाणी, जयप्रकाश मंघाणी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गौरव सैनिकों एवं परिजनों के लिए शिविर कल

बाड़मेर, (नि.सं.)। भारतीय सेना की ओर से मंगलवार को चौहटन क्षेत्र के गौरव सैनिकों एवं उनके परिजनों एवं वीरांगनाओं के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन चौहटन ठाम पंचायत परिसर में किया जाएगा।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि बाड़मेर जिले की चौहटन, सेड़वा एवं धनाऊ तहसीलों के गौरव सैनिकों एवं उनके परिजनों तथा वीरांगनाओं के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही शिविर के दौरान ईसीएचसी कार्ड से संबंधित मुद्दों को हल करने में भूतपूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की मदद के लिए एक प्रलेखन प्रकोष्ठ की स्थापना की जाएगी। उन्होंने संबंधित तहसीलों के सभी गौरव सैनिकों एवं उनके परिजनों तथा वीरांगनाओं से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में 22 अक्टूबर को आयोजित होने वाले मेडिकल कैम्प में भाग लेकर सुविधाओं का लाभ लें। इधर उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इस शिविर के लिए चिकित्सकों की टीम भिजवाने के लिए पत्र लिखा है।

पति की लंबी उम्र के लिए रखा करवाचौथ का व्रत

करवाचौथ के व्रत को सुहागिन महिलाओं ने धूमधाम से मनाया।

अजमेर (कासं)। जिलेभर में करवाचौथ के व्रत को सुहागिन महिलाओं ने धूमधाम से मनाया। महिलाओं ने व्रत के दौरान चांद देखने से पहले न तो अन्न का प्रयोग किया और न ही जल का। पति की लंबी उम्र की कामना के चलते किए जाने वाले इस व्रत को लेकर महिलाओं में सजने संवरने की भी होड़ लगी रही। ब्यूटी पार्लरों पर महिलाओं की भीड़ लगी रही। इस दौरान अनेक रूप से एकत्रित होकर व्रत की स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक कथा सुनी। कई स्थानों पर महिलाओं ने मनोरंजन के लिए कार्यक्रम भी आयोजित किए। रात को चांद देखने के बाद महिलाओं ने अपना व्रत तोड़ा। करवा चौथ को लेकर शहर के अनेक रेस्टोरेंटों में कपल्स के लिए भोजन का विशेष प्रबंध किया गया। कई रेस्टोरेंट्स में करवा चौथ के उपलक्ष्य में डीजे नाइट, भोजन व मनोरंजन के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। महिलाओं ने घरों में तंबोला व अंताक्षरी आदि खेलकर भी समय व्यतीत किया।

रेजीडेंट डॉक्टरों ने पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया

अजमेर, (कासं)। अस्पताल में सुरक्षा सहित आठ सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से रेजीडेंट डॉक्टरों का दो घंटे का कार्य बहिष्कार आंदोलन रविवार को पूर्ण कार्य बहिष्कार में बदल गया। जवाहरलाल नेहरू अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई। अस्पताल आने वाले मरीजों को और ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ओपीडी में लंबी कतारें लगी हुई है। लंबी हड़ताल के चलते अस्पताल में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और जूनियर रेजीडेंट ने मोर्चा संभाल रखा है। अस्पताल प्रबंधन ने सभी कार्मिक की छुट्टियां निरस्त कर दी है। यहां उल्लेखनीय है कि जेएलएन अस्पताल में करीब 250 रेजीडेंट कार्यरत हैं।

रेजीडेंट डॉक्टरों और राज्य सरकार के बीच हुई वार्ता विफल के बाद रविवार से रेजीडेंट डॉक्टरों ने पूर्ण कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। रेजीडेंट डॉक्टरों का कहना रहा कि अब जब तक उनकी मांगों पर सरकार कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं करती तब तक रेजीडेंट पूर्ण कार्य बहिष्कार पर रहेंगे। हालांकि इससे मरीजों को परेशानी होगी, जोकि वह भी नहीं चाहते।

सड़क निर्माण से पहले बरसाती पानी निकासी की हो व्यवस्था : शर्मा

अजमेर (कासं)। विजन अजमेर संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सड़कों की समस्या और समाधान विषय पर आयाजित परिचर्चा में रविवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता अविनाश शर्मा ने कहां है कि डामर की 95 प्रतिशत सड़कें बारिश में जमा पानी की पर्याप्त निकासी का अभाव एवं नालों तथा नालियों पर हो रहे अतिक्रमण सड़कों की बदहाली के कारण बनते है। ज्ञान मार्ग, पंचशील हाउसिंग बोर्ड स्थित डॉ. आकाश माथुर के निदान डाइजेस्टिव हेल्थ सेंटर पर आयोजित परिचर्चा में शर्मा ने कहां कि सड़कों की टूट फूट से बचने के लिए जरूरी है कि प्री-मानसून सत्र से ही पैंचिंग वर्क शुरू कर बदहाली से बचा जा सकता है। उन्होने कहां कि इसके लिए सभी विभागों का आपसी तालमेल भी जरूरी है तथा वर्तमान में नई तकनीकि के आधार पर ठंडे डामर और मिश्रित सामठी से सड़कों की मरम्मत संभव है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता केदार शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि हाई ब्रीड सिस्टम के तहत सड़कों की लम्बे समय तक चलने की कार्य योजना बनाई जानी चाहिए। इसके अन्तर्गत आवश्यकतानुसार डामर तथा सीमेन्ट सड़कों के निर्माण का चयन किया जाना चाहिए। उन्होने कहां कि शहर अथवा जिले सहित राज्य की मुख्य सड़कों को सूचीबद्ध कर उनके रख-रखाव एवं मरम्मत की जिम्मेदारी एवं अलग से बजट निर्धारित किया जाना चाहिए। सड़कों के दोनों और पानी के निकासी की समुचित व्यवस्था से भी टूट फूट से बचा जा सकता है। इन सभी में विकास प्राधिकरण, नगर निगम तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग की परिधी में आने वाली सड़कों को सूचिबद्ध करना नितात आवश्यक है, जिससे इनके रख-रखाव में आसानी होगी। इस अवसर पर पी एन बी के पूर्व महाप्रबंधक वेद माथुर ने कहां कि बड़े शहरों की तरह योजना बनाकर शहर के सड़कों को दीर्घकालीन चलने के लिए उचित ड्रेनेज का मास्टर प्लान बनाकर निस्तारण करना चाहिए।

211 छात्रों के आंखों की जांच की

मकराना (निस) उपखंड के ग्राम भरनाई और देवरी में सरकारी स्कूल के छात्रों की जांच के लिए शिविर लगाया। जिसमें 211 छात्रों के आंखों की जांच की गई। जिसमें से एक का ऑपरेशन के लिए चयन हुआ।

लायंस क्लब मार्बल सिटी मकराना और शंकरा आई हॉस्पिटल के रैंबो प्रोगाम के तहत इन दिनों पूरे मकराना तहसील के समस्त सरकारी स्कूलों के छात्रों की आंखों की जांच का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आंखों की जांच के इस भागीरथी प्रोगाम के तहत मकराना क्षेत्र स्थित भरनाई गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में 67 छात्रों और देवरी गांव के महात्मा गांधी राजकीय स्कूल में 144 छात्रों की आंखों की जांच की गई।

डोडा पोस्त बरामद

ब्यावर। अवैध डोडा पोस्त के विरूद्ध पुलिस थाना बर की एक महिने में दूसरी बडी कार्यवाही हुई करीब 100000 लाख रूपयें किमत के 46.390 किलोठाम अवैध मादक प्रदार्थ डोडा पोस्त बरामद किया गया। अवैध डोडा पोस्त परिवहन की घटना में प्रयुक्त वाहन स्विफट 066198 मय दो नम्बर प्लेट जप्त की गई और परिवहन कर्ता मुलजिम सुनिल को गिरफतार किया गया। करीब 100000 लाख रूपये किमत के 46.390 किलोठाम अवैध मादक प्रदार्थ डोडा पोस्त बरामद किये गए। डोडा पोस्त तस्करों के विरूद्ध थानाधिकारी पुलिस थाना बर रोडूराम उप निरिक्षक पुलिस के निर्देशन में गठीत टीम द्वारा डीएसटी टीम ब्यावर की ईतला पर तुरन्त थानाधिकारी मय टीम ने स्वीफट कार को झाला की चौकी पर डिटेन कर डोडा पोस्त की कार्यवाही कर तलाशी में कुल 02 सफेद प्लास्टिक के कट्टे में डोडा पोस्त चुरा कट्टे सहित जब्त किया गया। गोरा की ढाणी निवासी सुनिल पुत्र बाबूराम जाति विश्नोई (डारा) उम्र 26 साल,डोली कला पुलिस थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा को गिरफ्ता कर लिया गया जबकि गोरा की ढाणी डोली कला पुलिस थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा निवासी विरेन्द्र पुत्र बाबूराम जाति विश्नोई (गोरा) फरार है। बर थानाधिकारी रोहूराम की पुलिस टीम में विजय सिह उप निरीक्षक, चैनाराम हेड कांस्टेबल, जितेन्द्रसिंह हैड कांस्टेबल, रणजीत हैड कांस्टेबल होनाराम, हनुमान , रिछपाल, सुरेन्द्रसिंह शामिल थे।

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नियमन/2024-25/504 दिनांक 17/10/2024

लोक सूचना

निम्नांकित खातेदारों ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल हैक्टेयर में
1	सुमित्रा पत्नि सुरेश हिस्सा पूर्ण जाति रेगर निवासी रेगरान मौहल्ला, पिपलिया कला, रायपुर हाल निवासी सोमानी नगर, सेंदडा रोड, ब्यावर खातेदार।	गोविन्दपुरा	327	0.4249 हेक्टेयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो की सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा के निर्वापन कोई आक्षेप है तो, वह इस नोटिस के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुक्त नियत समय के भीतर, -भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है व तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 17/10/2024 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद ब्यावर

विधायक भदेल ने मार्टिडल ब्रिज से जी.सी.ए. कॉलेज तक सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारम्भ

अजमेर, 20 अक्टूबर(कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग अजमेर के बजट घोषणा 2024-25 के तहत 42.00 लाख रुपये की राशि से बनने वाली मार्टिडल ब्रिज से जीसीए कॉलेज तक मुख्य मार्ग के सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मौजूद क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों ने शिलान्यास के लिए विधायक भदेल का आभार व्यक्त किया।

भदेल ने बताया कि कांठोस सरकार द्वारा इस मुख्य मार्ग की सडक पर कोई ध्यान नही दिया यह सडक लम्बे समय से क्षतिठास्त थी एवं इसके अतिरिक्त इस बार अत्यधिक वर्षा होने के कारण जगह-जगह से क्षतिठास्त हो गई है इस मुख्य मार्ग पर स्थित हॉस्पिटल, कॉलेज, कोंचिग संस्थानों, बैंको, अन्य दुकानों में आने जाने वाले सभी आमजन को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पडता था। यह मुख्य मार्ग दक्षिण क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों के साथ-साथ हाइवे को भी जोड़ता है। इस मुख्य मार्ग की सडक का निर्माण कार्य पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को एक सुगम मार्ग मिल सकेगा।

भदेल ने यह भी बताया कि शीघ्र ही पांच करोड़ रूपए की लागत से दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की अन्य सड़के जिसमें चन्द्रनगर से सब्जी मण्डी, मार्टिण्डल ब्रिज से राजा साईकिल

अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल की मौजूदगी में अजमेर में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

चौराह, तेजाजी की देवली से कल्याणीपुरा गांव रेलवे फाटक तक, कल्याणीपुरा, धोलाभाटा, बालूपुरा रोड, नेहरू नगर से धोलाभाटा, हाउसिंग बोड सेक्टर 1 से शैफाली ब्यूटी पार्लर, धोलाभाटा स्थित गलियों में सीसी सड़क, पूजा मार्ग आदि का कार्य भी प्रारम्भ हो जाएगा। सड़क निर्माण कार्य को समय पर और गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण करवाया जाएगा। भदेल ने यह भी कहा कि सड़क निर्माण में किसी प्रकार लापरवाही को बर्दास्त नहीं किया जायेगा। कांठोस शासन ने गत पांच साल तक किसी भी सड़क पर कोई ध्यान दिया, जिसके कारण वर्षा होते ही अजमेर शहर की समस्त सड़के तहस-नहस हो गई। अजमेर शहर का यातायात पूरी तरह से बाधित हो रखा है। लोग अपने वाहनों को शहर में आने से डरने लगे है। इस अवसर पर आर्य मण्डल अध्यक्ष मोहन लालवानी, शक्ति केन्द्र संयोजक हेमेन्द्र जैन, भवानी सिंह जेदिया, जितेंद्र रंगवानी, मनोज डीडवाना, नरेंद्र सोनी, अटल शर्मा, हेमन्त सुनारीवाल, जीवन तेजी, निक्की जैन, मोनिका ढलवाल, अजय गोयल, नितिन जैन, मनोज सिंघल, संजय गोयल, आशीष, हेमन्त फौजी, चेतन सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महानिदेशालय पुनर्वास रक्षा मंत्रालय

एसआईडीएम सीआईआई

जॉब फेयर- जयपुर

25 अक्टूबर 24 - 07.00 पूर्वान्ह से (पंजीकरण प्रात 10.00 बजे तक)

Venue: Gandiv Stadium, Near Vijay Dwar, Vaishali Nagar, Jaipur Cantonment

आवश्यक दस्तावेज

ईएसएम आई कार्ड और फोटोग्राफ के साथ नवीनतम सीवी/बायोडेटा की पांच प्रतियां

ईएसएम नौकरी चाहने वालों के लिए लाभ

शीर्ष सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/कॉर्पोरेटों (नियोक्ता) के भर्तीकर्ताओं से बातचीत करें, परेशानी मुक्त भर्ती प्रक्रिया
अनेक नौकरी के अवसरों तक निशुल्क पहुंच

नियोक्ताओं के लिए लाभ

अनुभवी प्रतिभा पूल तक निशुल्क पहुंच
ऑनलाइन पंजीकरण करें और अपनी कंपनी का स्टॉल www.dgrindia.gov.in पर बुक करें
पहले आओ पहले पाओं के आधार पर आवंटन

आगे की पूछताछ और सहायता के लिए कृपया संपर्क करें-

संयुक्त निदेशक (एसई एवं सीआई)
पुनर्वास महानिदेशालय
वेस्ट ब्लॉक-IV आरके पुरम, नई दिल्ली-110066
टेलीफोन (कार्यालय) 011-20862542
ईमेल-seopadgr@desw.gov.in
वेब- http://www.dgrindia.gov.in

डीआरजेड (पश्चिम) चंडीमंदिर
टेलीफोन (कार्यालय) 0172-2589612/2554065
ईमेल-drzwcdm@desw.gov.in
ईएसएम एवं स्थल पूछताछ
Maj Khim Singh: 8006540177
उप अजय-9906331148

CBC 10401/11/0013/2425